<u>विदाई एवं स्वागत समारोह</u>

आज दिनांक 19 जून 2018 को प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के मध्य सेंटमोंटफोर्ट विद्याालय के प्राचार्य ब्रदर टी एलेक्स जी को भावभीनी विदाई दी गई । ब्रदर का स्थानान्तरण भोपाल दिल्ली मोन्टफोर्ट विद्याालय में हो गया है। विदाई के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विदाई नृत्य एवं विदाई गीत प्रस्तुत किये गए । साथ ही नवीन प्राचार्य ब्रदर मोनाच्चन के. के. को भोपाल में आगमन पर उनका उल्लास पूर्वक स्वागत किया गया । इस अवसर पर उनके सम्मान में स्वागत गीत एवं स्वागत नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गयीं । समस्त विद्यार्थियों ने ब्रदर टी एलेक्स एवं ब्रदर मोनाच्चन दोनो को कठिन परिश्रम कर विद्यालय का नाम रोशन करने का वचन दिया । इसी तारतम्य में विद्यालय के शिक्षक – शिक्षिकाओं द्वारा मध्याह्न में रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गयीं । इसी अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी एलेक्स ने समस्त स्टाफ को पूर्व की भाँति आगे भी एक परिवार की तरह कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। एवं उन्होंने ब्रदर मोनाच्चन को अपनी ओर से पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

अंत में नवीन प्राचार्य ब्रदर मोनाच्चन के. के. ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।